# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांकः**–शिविरा–माध्य / संस्था / एफ–1 / 12102(200–B) / सी.भ. / बेसिक कम्प्यू.अनु. / 2022

## सूचना

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक भर्ती परीक्षा 2022 में अंतिम रूप से चयनित, पात्र एवं अभिस्तावित किए गए कुल 6682 (गैर–अनुसूचित क्षेत्र के 6501 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 08) अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा नियुक्ति हेतु जिला आवंटन हेतु सूचना दिनांक 15.03.2023 द्वारा प्राथमिकता विकल्प ऑनलाईन विभागीय लिंक https://rajshaladarpan.nic.in----staff window----staff selection पर दिनांक 15.03.2023 समय 04:30 PM से दिनांक 22.03.2023 समय 6:00 PM तक चाहे गये। उक्त के क्रम में बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक भर्ती परीक्षा 2022 में अंतिम रूप से चयनित, पात्र एवं अभिस्तावित जिन अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित दिनांक तक जिला आवंटन हेतु प्राथमिकता विकल्प ऑनलाईन नहीं भरा गया, को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए जिला आवंटन हेतु प्राथमिकता विकल्प ऑनलाईन विभागीय लिंक पर भरने की अवधि को दिनांक 25.03.2023 समय 6:00 PM तक बढ़ाया जाता है। उक्त समय के पश्चात् यह लिंक स्वतः ही बन्द हो जावेगा। विदित रहे कि निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन जिला प्राथमिकता विकल्प सबमिट नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को कोई भी जिला आवंटित किए जाने हेतु विभाग स्वतंत्र होगा।

**नोट :–** यदि किसी भी अभ्यर्थी को विकल्प दर्ज करते समय अपने मोबाईल नम्बर पर OTP का सन्देश नहीं आता है या वह अपना नया मोबाईल नम्बर जुड़वाना चाहता है, तो ऐसे अभ्यर्थी निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के नाम से इस संबंध में प्रार्थना पत्र मय स्वहस्ताक्षरित आधार कार्ड की छाया प्रति विभागीय ई–मेल आई.डी. seniorteacher.secedu@gmail.com पर प्रेषित करें, ताकि मोबाईल नम्बर में संशोधन किया जा सकें एवं अभ्यर्थी द्वारा जिला प्राथमिकता विकल्प आसानी से भरा जा सकें।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, जयपुर।
2. उप निदेशक, शाला दर्पण, जयपुर।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवावें।

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Signature valid

Digitally signed by Ram Narayan Meena
Designation : Joint Director
Date: 2023.03.22 16:08:18 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. 3469774